**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4027**
(जिसका उत्तर मंगलवार, 03 अप्रैल, 2018 को दिया गया)

**बहुराष्ट्रीय लेखांकन कंपनी द्वारा सरोगेट ऑडिट (प्रतिनिधि लेखापरीक्षा)**

4027. श्री नारायण दास गुप्ताः क्या कारपोरेट कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या मंत्रालय द्वारा वर्ष 2013 की रिट याचिका संख्या 991 में बहुराष्ट्रीय लेखांकन कंपनियों द्वारा सरोगेट ऑडिट को रोकने के लिए कारपोरेट आवरण को हटाने हेतु उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को लागू करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्री अरुण जेटली)**

सरकार को माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय प्राप्त हुआ है और जैसा माननीय न्यायालय ने निदेश दिया है, सरकार ने विशेषज्ञों की एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया है।

*****